BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 13 जून, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली नगर**

बाइक सवार लुटेरों से स्वाट टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 03 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से लूटे गये 29,900/- रुपये अवैध असलहा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त 02 बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 13.06.2024 को स्वाट व थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम संयुक्त रुप से एक अभिसूचना के आधार पर धमेड़ा तिराहे के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी तभी दो बाइक पर तीन संदिग्ध व्यक्ति आते दिखायी दिये जिनको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुके तथा एक बाइक सवार बदमाश धमैड़ा की तरफ भाग गया तथा दूसरी बाइक पर सवार दो बदमाशों की बदनौरा पुल पर बदमाशों की घेराबन्दी की गयी जिनके द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश सोनू व अमित गोली लगने से घायल हो गये जिनको गिरफ्तार किया गया व संदिग्ध बाइक पर सवार 01 अन्य बदमाश के सम्बन्ध में कन्ट्रोल रुम को सूचना दी गई। जिस पर थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा शिकारपुर तिराहे पर चैकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन बाइक सवार बदमाश नहीं रुका तथा बाइक को तेजी से कब्रिस्तान की तरफ मोड़कर भागने लगा तथा बदमाश द्वारा पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जाने से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश मनोज गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 1. सोनू पुत्र हरिश्चन्द, 2. अमित पुत्र सत्यवीर, 3. मनोज पुत्र नरेन्द्र निवासीगण ग्राम धरारी थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं, घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, लूटे गये रुपये, घटना में प्रयुक्त दो बाइक बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे हैं जिनके द्वारा दिनांक 10-06-2024 की रात्रि में थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत शराब की दुकान के सेल्समैन से लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 475/24 धारा 394 भादवि पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. सोनू पुत्र हरिश्चन्द निवासी ग्राम धरारी थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर ।
2. मनोज पुत्र नरेन्द्र निवासी उपरोक्त।
3. अमित पुत्र सत्यवीर निवासी उपरोक्त।

बरामदगी-

1- 29,900 रुपये नकद (लूट हुए)
2- 01 बाइक अपाचे नं0 UP-13CF-7749 (घटना में प्रयुक्त)
3- 01 बाइक एचएफ डिलक्स UP-13BN-6408 (घटना में प्रयुक्त)
4- 03 तमंचे 315 बोर, 04 जिंदा, 03 खोखा कारतूस।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अभियुक्त सोनू का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 102/13 धारा 323/376/504/506 भादवि थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअसं- 43/15 धारा 120बी/420/467/468/471 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअसं- 363/16 धारा 25 शस्त्र अधि0 थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
4- मुअसं- 181/18 धारा 323/504/506 भादवि थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
5- मुअसं- 105/23 धारा 147/148/323/3/25/504 भादवि थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
6- मुअसं- 475/24 धारा 394 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त मनोज का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 187/19 धारा 379/411 भादवि थाना नॉलिज पार्क जनपद गौतमबुद्धनगर।
2- मुअसं- 186/19 धारा 379/411 भादवि थाना नॉलिज पार्क जनपद गौतमबुद्धनगर।
3- मुअसं- 198/19 धारा 379/411 भादवि थाना नॉलिज पार्क जनपद गौतमबुद्धनगर।
4- मुअसं- 685/20 धारा 380/411 भादवि थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
5- मुअसं- 686/20 धारा 380/411 भादवि थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
6- मुअसं- 396/22 धारा 308/323/452/504/506 भादवि थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
7- मुअसं- 78/24 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
8- मुअसं- 475/24 धारा 394 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त अमित का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 475/24 धारा 394 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम-

1- श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर
2- निरीक्षक श्री सलाउद्दीन थाना कोतवाली नगर।
3- निरीक्षक श्री राम नारायण थाना कोतवाली नगर
4- उ0नि0 सोनू बाबू, उ0नि0 मुनेश पाल, उ0नि0 रघुवीर
5- है0का0 मोहित मलिक, है0का0 कपिल कुमार, है0का0 कुलदीप राठी, है0का0 असजद, का0 जितेन्द्र

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम-

1- निरीक्षक मोहम्मद असलम प्रभारी स्वाट टीम
2- उ0नि0 शिवम तोमर, उ0नि0 मनोज दीक्षित
3- है0का0 कपिल नैन, है0का0 अशोक चौधरी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 राहुल त्यागी, का0 सचिन चौहान, का0 नरेंद्र कुमार, का0 रोहित कुमार

मीडिया सेल बुलंदशहर